# अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2021

## कक्षा- 9 वीं

## विषय- हिन्दी

समय-3 घण्टा पूर्णांक- 80

निर्देश : 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

2. प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1x32 = 32 अंक निर्धारित है।

3. प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।

5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न अंक 4 का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

प्रश्न.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए –

i. आज भी उन्हें सम्मान से याद किया जाता है।

(अ) सामना

(ब) पूजना

(स) आदर

(द) सहारा

ii. कबीर कर्मकांड के –

(अ) विरोधी थे

(ब) अनुयायी थे

(स) प्रेमी थे

https://www.mpboardonline.com

(द) उदासीन

iii. 'चौपाई' छंद में प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं -

(अ) 16-16

(ब) 13-13

(स) 11-13

(द) 13-11

iv. वर्गों के सार्थक योग को कहते है -

(अ) निपात शब्द

(ब) प्रत्यय

(स) वाक्य

(द) शब्द

v. ऋषि-मुनियों के गुण पहुँच गए -

(2) गो में

(ब) बैल में

(स) घोडे में

(द) बंदर में

vi. लेखिका के अनुसार-'मेरे नाना पक्के माने जाते थे' -

(अ) साहब

(ब) अंग्रेज

(स) वैद्य

(द) शायर

प्रश्न.2 रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए -

i. छत चढ़ने के लिए ---------- चाहिए। (जीना/जीना)

ii. रसखान चाहते हैं कि मैं पत्थर बनूँ तो---------पर्वत का ही बनें। (गोवर्धन/सतपुड़ा)

iii. काव्य के-------भेद होते है। (दो/तीन)

iv. जो पढ़ा-लिखा न हो उसे-------कहते हैं। (पढ़ाकू/अनपढ़)

v. लेखक के अनुसार टोपी ---- का प्रतीक है। (सम्माननीय व्यक्ति/उदार व्यक्ति)

vi. जो अधिक बोलता हो उसे-------कहते हैं। (वाचाल/बड़बोला)

vii. दुष्ट व्यक्तियों के साथ-साथ आदर्श------भी होते हैं। (प्रणेता/अभिनेता)

प्रश्न.3. सही जोड़ी बनाकर लिखिए -

i. 'कैदी और कोकिला' - (क) सुमित्रानंदन पंत

ii. पीपर-पात सरिस मन डोला - (ख) मृदुला गर्ग

iii. 'दो बैलों की कथा' - (ग) हरिशंकर परसाई

iv. 'प्रेमचंद के फटे जूते' - (घ) यमक

v. बादल - (ड.) माखनलाल चतुर्वेदी

vi. 'मेरे संग की औरतें' - (च) प्रेमचंद

- (छ) घन

- (ज) उपमा

प्रश्न.4. सत्य/असत्य लिखिए -

i. रसखान गोकुल में जन्म लेना चाहते थे।

ii. खंडकाव्य की कथावस्तु विस्तृत होती है।

iii. प्रेमचंद के जूते फटे थे।

iv. मोटाई शब्द में 'ई' प्रत्यय जुड़ा है।

v. लोकोक्ति का अर्थ है- लोक में प्रचलित उक्ति।

vi. नानी के मन में स्वयं की आजादी के प्रति जुनून था।

प्रश्न.5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए -

i. कैदियों के हाथों में क्या होता था ?

ii. वर्गों की बार-बार आवृत्ति होने पर कौन-सा अलंकार होता है ?

iii. लेखक के अनुसार प्रेमचंद किसके साथ फोटो खिचवा रहे थे?

iv. महाकाव्य में कम से कम कितने सर्ग होते हैं ?

v. कबीर की प्रमुख रचना कौन-सी हैं ?

vi. अन्य भाषाओं के सम्पर्क के कारण हिन्दी में आने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

vii. लेखिका (मृदुला गर्ग) ने अपनी नानी को क्यों नहीं देखा था?

प्रश्न.6 कवि रसखान पशु, पक्षी और पहाड़ के रूप में श्री कृष्ण का सानिध्य क्यों प्राप्त करना चाहते हैं ?

अथवा

https://www.mpboardonline.com

कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही हैं ?

प्रश्न.7 पद्य साहित्य के इतिहास को कितने काल में विभाजित किया गया है ? नाम लिखिए।

अथवा

भक्तिकाल के दो कवियों एवं उनकी रचनाओं के नाम लिखिए ।

प्रश्न.8 रसखान के काव्य की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए ।

अथवा

माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए ।

प्रश्न.9 वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

अथवा

शांत रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

प्रश्न.10 तत्सम शब्द चुनकर लिखिए -

चन्द्र, सपना, शाक, स्वप्न, हाथ, हस्त

अथवा

मूल शब्दों के बाद में दिए गए शब्दांश जोड़कर शब्द बनाकर लिखिए –

सम्मान+इत –

गरीब+ई –

लकड़+हारा –

कड़वा+आहट –

प्रश्न.11 छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ?

अथवा

आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है ?

प्रश्न.12 नाटक एवं एकांकी में दो अंतर लिखिए ।

अथवा

कहानी एवं उपन्यास में दो अंतर लिखिए ।

प्रश्न.13 हरिशंकर परसाई के साहित्य की भाषा-शैली लिखिए ।

अथवा

श्यामाचारण दुबे के साहित्य की भाषा-शैली लिखिए ।

प्रश्न.14 निपात शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए ।

अथवा

विलोम शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए ।

प्रश्न.15 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लिखिए कि जीवन में कैसे इंसानो को अधिक श्रद्धा भाव से देखा जाता है ?

अथवा

लेखिका मृदुला गर्ग अपनी नानी के व्यक्तित्व से क्यों प्रभावित थीं ?

प्रश्न.16 'रस' का अर्थ स्पष्ट करते हुए, करूण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

अलंकार' का अर्थ स्पष्ट करते हुए, रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

प्रश्न.17 दिए गए मुहावरों का अर्थ एवं वाक्य में प्रयोग लिखिए ।

(i) गद्गद होना

(ii) बगलें झाँकना

(iii) ईंट का जबाब पत्थर से देना

अथवा

दिए गए विराम चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य लिखिए –

(i) ?

(ii) ,

(iii) !

प्रश्न.18 दो मित्रों के बीच अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी पर संवाद (बातचीत) लिखिए।

अथवा

बस या रेलगाड़ी में से जिस में आपने यात्रा की हो उस यात्रा पर एक अनुच्छेद अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 19 अपठित गदयांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

"मैं जिस भारतीय प्रजातंत्र की कल्पना करता हूँ, उसका अध्यक्ष कोई किसान ही होगा"- गाँधी जी को यह अभिलाषा देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति होने पर निःसंदेह ही फलवती सिद्ध हुई। राजेन्द्र प्रसाद जन्मना या कर्मणा किसान तो नहीं थे पर किसानों के सच्चे प्रतिनिधि अवश्य थे। उनमें एक गँवई गाँव के किसान जैसी सादगी, सरलता, निश्छलता और कर्मठता विद्यमान थी। उनमें किसान की तपस्या भी थी और वे स्वभाव और वेशभषा से ठेठ किसान लगते थे। उन्होंने कभी स्वयं को भारत की. ग्रामीण संस्कृति से अलग और विशिष्ट बनाने का प्रयास नहीं किया।

प्रश्न -

(क) स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?

(ख) निःसंदेह शब्द का अर्थ लिखिए ?

(ग) विशिष्ट में कौन-सा उपसर्ग हैं ?

अथवा

अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

साक्षी है इतिहास हमीं पहले जागे है।

जागृत सब हो रहे हमारे ही आगे हैं ?

शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे हैं ?

कायरता से कहाँ प्राण हमने त्यागे हैं ?

हैं हमी प्रकम्पित कर चुकें, सुरपति तरू का भी हृदय

फिर एक बार हे विश्व ! तुम गाओं भारत की विजय।।

प्रश्न -

(क) सुरपति के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ?

(ख) 'पहले जागे' से क्या आशय है ?

(ग) हमने किसे प्रकम्पित किया? पापा

प्रश्न.20 काव्यांश का सन्दर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए -

ऊँचे कुल का जनमिया, जे करनी ऊँच न होई।

सबरन कलस सरा भरा, साध निंदा सोई।।

अथवा

क्या गाती हो ?

क्यों रह-रह जाती हो ?

कोकिल बोलो तो !

क्या लाती हो ?

संदेशा किसका है ?

कोकिल बोलो तो !

प्रश्न.21 गद्यांश की सन्दर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए -

"दोनों बैलों का ऐसा अपमान कभी न हुआ था। झूरी इन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था। उसकी टिटकार पर दोनों उड़ने लगते थे। यहाँ मार पड़ी। आहत सम्मान की व्यथा तो थी ही, उस पर मिला सूखा भूसा!"

अथवा

"कल कानपुर के किले में एक भीषण हत्याकाण्ड हो गया। नाना साहब की एक मात्र कन्या मैना धधकती हुई आग में जलाकर भस्म कर दी गई। भीषण अग्नि में शान्त और सरल मूर्ति उस अनुपमा बालिका को जलती देख, सब ने उसे देवी समझ कर प्रमाण किया।"

प्रश्न.22 अपने विद्यालय के प्रचार्य को शाला-शुल्क से मुक्ति हेतु आवेदन-पत्र लिखिए।

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी का उल्लेख करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न.23 किसी एक विषय पर (लगभग 120 शब्दों में) सारगर्भित निबन्ध लिखिए।

(क) विज्ञान के चमत्कार

(ख) जीवन में अनुशासन का महत्व

(ग) मेरा प्रिय राष्ट्रीय पर्व

(घ) जल ही जीवन है

(ड) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

https://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से